दिनांकः 07.03.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- कोटा–बूंदी ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे का शिलान्यास आज–केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू समारोह में शामिल होंगे।
- राज्य विधानसभा में उपबंध विधेयक–2026 पारित–विक्षुब्ध क्षेत्र में सम्पत्ति बेचने के लिए जिला प्रशासन की अनुमति आवश्यक होगी।
- मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने प्रदेश में गर्मी के मौसम में सुचारू पेयजल व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिये।
- प्रदेश के 22 जिलों में दिन का तापमान 35 डिग्री के पार–अगले सप्ताह तापमान में 2 से 3 डिग्री बढ़ोतरी की संभावना।

....................

कोटा–बूंदी ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे का आज शिलान्यास होने जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू समारोह में शिरकत करेंगे। ये कार्यक्रम शंभुपुरा स्थित ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट स्थल पर होगा। समारोह में महत्वकांक्षी नौनेरा तथा परवन–अकावद वृहद् पेयजल परियोजना के लिए भूमि पूजन भी किया जाएगा। करीब 15 सौ करोड़ रुपये अधिक की लागत से इस एयरपोर्ट का निर्माण किया जाएगा। इस एयरपोर्ट पर लगभग 3200 मीटर लम्बा और 45 मीटर चौड़ा रनवे बनाया जाएगा। इस पर 1 हजार यात्रियों की क्षमता होगी। एयर कनेक्टिविटी से जुड़ने के बाद क्षेत्र का बेहतर विकास होगा। इस बीच, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कल कार्यक्रम स्थल का दौरा कर समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। मीडिया से बातचीत में श्री नागर ने कहा कि इससे हाड़ौती अंचल के विकास को नई उड़ान मिलेगी।

....................

राजस्थान विधानसभा में कल उपबंध विधेयक 2026 ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। राजस्थान विक्षुब्ध क्षेत्रों में स्थावर संपत्ति के अंतरण का प्रतिषेध और परिसरों से किरायेदारों को बेदखली से संरक्षण के लिए ये विधेयक लाया गया है। इसके अनुसार राज्य सरकार प्रदेश में किसी क्षेत्र को तथ्यों और प्रशासनिक रिपोर्ट के आधार पर विक्षुब्ध क्षेत्र घोषित कर सकेगी। इन क्षेत्रों में सम्पत्ति बेचने के लिए जिला प्रशासन की अनुमति आवश्यक होगी। अधिनियम का उल्लंघन करने पर तीन से पांच साल तक के कारावास और जुर्माने का प्रावधान किया गया है।
विधेयक पर हुई चर्चा के बाद संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि ये अधिनियम नागरिकों की सम्पत्ति की रक्षा करेगा। इसके लागू होने से प्रदेश में भाईचारा और सामाजिक सद्भावना मजबूत होगी।

..............

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने विधानसभा में बिल का विरोध करते हुए कहा कि सरकार नागरिकों के अधिकारों पर नियंत्रण करने के लिए ये बिल लेकर आई है।

....................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 78वें सेना दिवस पर जयपुर में आयोजित हुई सेना परेड की संकलन पुस्तक का विमोचन किया। कल मुख्यमंत्री कार्यालय में हुए इस समारोह में श्री शर्मा ने कहा कि जनभागीदारी ही किसी भी राष्ट्रीय उत्सव की असली शक्ति होती है। राजस्थान में आर्मी डे परेड के ऐतिहासिक आयोजन से आम लोगों को सेना को नजदीक से जानने का मौका मिला है। उन्होंने सेना दिवस परेड 2026 संकलन पुस्तक को आठ करोड़ राजस्थानियों की भावना का दस्तावेज बताया। कार्यक्रम के दौरान सेना परेड पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने आर्मी डे परेड के आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले प्रशासनिक, पुलिस और सैन्य अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

....................

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने प्रदेश में गर्मी के मौसम में सुचारू पेयजल व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिये हैं। मुख्य सचिव ने कल वीसी के माध्यम से जिला कलेक्टरों के साथ नियमित पेयजल आपूर्ति की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि हेल्पलाइन नम्बर 181 पर प्राप्त शिकायतों का समय पर निस्तारण किया जाए और पानी के अवैध कनेक्शनों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने जिला कलेक्टरों और संबंधित अधिकारियों को फील्ड विजिट के माध्यम से पानी की आपूर्ति व्यवस्था की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिये।
इधर, जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ समर कंटिन्जेन्सी प्लान की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने गर्मी के मौसम में संभावित जल संकट की स्थिति को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने कहा कि आम लोगों को पीने के पानी को लेकर किसी तरह की समस्या नहीं हो, इसके लिए प्रभावी क्षेत्रों में जरूरत पड़ने पर टैंकरों से जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

....................

केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि जैसलमेर में रेल सेवाओं को मजबूत करने और यात्री सुविधाएं बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं। कल जैसलमेर प्रवास के दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जोधपुर–साबरमती एक्सप्रेस का विस्तार जैसलमेर तक करने की मंजूरी दी गई है। इससे जैसलमेर और आस–पास के यात्रियों, व्यापारियों और पर्यटकों को काफी सुविधा मिलेगी।

.................

....................

अरब सागर क्षेत्र में बने चक्रवाती तंत्र के प्रभाव से प्रदेश में तापमान में 2 से 3 डिग्री और बढ़ोतरी होने की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार राज्य में अगले एक सप्ताह के दौरान अधिकतर हिस्सों में दिन का तापमान सामान्य से 4 से 8 डिग्री ऊपर रहने के आसार हैं। वहीं राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में अगले तीन दिनों में कहीं–कहीं अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आस–पास दर्ज होने का अनुमान है। इस बीच, प्रदेश में गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। कल 22 जिलों में अधिकतम तापमान 35 डिग्री के पार मापा गया।
38 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ चित्तौड़गढ़ और जैसलमेर प्रदेश में सबसे गर्म रहे। वहीं बाड़मेर और चूरू में भी दिन का पारा 37 डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकॉर्ड हुआ। राजधानी जयपुर में भी गर्मी के तेवर तीखे हो गये हैं और अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

....................

वरिष्ठ पत्रकार और पूर्व सूचना आयुक्त नारायण बारेठ का कल जयपुर में निधन हो गया। वे कई दिनों से निमोनिया से पीड़ित थे। वे लम्बे समय तक विभिन्न प्रतिष्ठित समाचार समूहों से जुड़े रहे। श्री बारेठ ने जन सरोकारों से जुड़ी पत्रकारिता कर इस क्षेत्र में अपनी विशिष्ठ पहचान बनाई।

....................

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आज से मैत्री क्रिकेट मैचों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् की ओर से हो रहे तीन दिन के इस आयोजन में पांच टीमें भाग लेंगी। राज्य में पिछले कई वर्षों से विधानसभा बजट सत्र के दौरान मैत्री मैच खेलने की परम्परा है।

....................